केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

दिनांक: 25.04.2016

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2016/66
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2016/00065
CICOM/R/2015/01000
अपीलकर्ता : श्री महेश चन्द्र पाण्डेय,
गुंजन चौराहा, दयाराम नगर,
दिबियापुर, औरैया (उत्तर प्रदेश)।

निर्णय की तारीख: 25.04.2016

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 21.09.2015 |
| आर.टी.आई. आवेदन के प्रतिउत्तर की तिथि | 03.11.2015, 06.11.2015 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री कृष्ण अवतार तलवार, श्री अविनाश चन्द्र पटेल |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 05.11.2015 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 175154/19.11.2015 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 591/04.12.2015 |

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से 9 बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। अपीलकर्ता ने अभियोग लगाया है कि उन्हें वांछित सूचना अभी तक प्रदान नहीं की गई है।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता का आर.टी.आई. आवेदन दिनांक 14.10.2015 को आयोग में डायराईज हुआ तथा दिनांक 03.11.2015 को श्री कृष्ण अवतार तलवार, उप-सचिव व जन सूचना अधिकारी, सूचना आयुक्त-के.वाई. कार्यालय द्वारा बिंदु सं. 1, 3, 4, 6 व 9 से संबंधित सूचना एवं श्री अविनाश चन्द्र पटेल, संयुक्त सचिव व केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा दिनांक 06.11.2015 को बिंदु सं. 2, 5, 7 एवं 9 से संबंधित सूचना प्रदान कर दी गई है। जहाँ तक बिंदु सं 8 के संदर्भ में अपीलकर्ता को सूचित किया जाता है कि यह सूचना आयोग में उपलब्ध नहीं है। चूंकि अपीलकर्ता ने दिनांक 05.11.2015 को ही प्रथम अपील दाखिल कर दी है इसलिए प्रदान की सूचना उन्हें नहीं मिल पाया होगा। अपीलकर्ता के सुलभ संदर्भ हेतु प्रदान की गई सूचना की प्रतिलिपि संलग्न है।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है।

4. अपीलकर्ता यदि प्रदान की सूचना से संतुष्ट न हों तो सूचना प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष पुन: प्रथम अपील दाखिल की जा सकती है।

अधोहस्ताक्षरी (प्रथम अपीलीय अधिकारी) के पास कार्य की अधिकता एवं हिंदी टंकण जानने वाले कार्मिक की अनुपलब्धता के कारण अपील के निपटान में हुई देरी के लिए खेद है।

संलग्नक : यथोपरि।

अचला सिन्हा
(अचला सिन्हा)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

प्रतिलिपि :
1. जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली।
2. श्री कृष्ण अवतार तलवार, उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी, सूचना आयुक्त-के.वाई. कार्यालय, नई दिल्ली।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
26 APR 2016
Initials.........

26/4/16

C. I. C./के० सू० आ०
ISSUED
27 APR 2016
D. No.........
Initials.........